# आयुष चिकित्सा पद्धति में निवेश बढ़ाने के लिए आएगी नई नीति

**राज्य ब्यूरो, जागरण● लखनऊ :** राज्य सरकार आयुष चिकित्सा की सभी विधाओं के साथ योग, प्राकृतिक चिकित्सा और पंचकर्म को बढ़ावा देगी। इस क्षेत्र में निवेश के लिए निजी निवेशकों को आकर्षित किया जाएगा। आयुष विभाग इसके लिए नई नीति तैयार कर रहा है। प्रस्तावित नीति में हर जिले में हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर निजी क्षेत्र के सहयोग से स्थापित किए जाने पर अधिक फोकस होगा।

वर्ष 2015 में राज्य में आयुष अलग विभाग बना, जिसके बाद इसके लिए नीति बनाई गई थी। पुरानी नीति में इस क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा देने के लिए कुछ खास नहीं है, जिसे देखते हुए अब नई नीति बनाने की तैयारी की गई है। आयुष विभाग के प्रमुख सचिव रंजन कुमार के मुताबिक, आयुष की नई नीति जल्द तैयार होगी। नई नीति में आयुष चिकित्सा को बढ़ावा देने के लिए निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़ाने पर जोर रहेगा। हर जिले में निजी क्षेत्र के सहयोग से हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर बनाए जाएंगे।

********